# महिला सशक्तीकरण का परिप्रेक्ष्य और इलाहाबाद विश्वविद्यालय की प्रथम महिला कुलपति

# The Perspective of Women Empowerment and the First Woman Vice-Chancellor of the University of Allahabad

Date: 30.07.2022

## Invitation for Publication of the Article

Dear Sir/Madam,

It is a feeling of pleasure to inform that the learned academic community of The University of Allahabad has decided to publish a book titled 'The Perspective of Women Empowerment and the First Woman Vice-Chancellor of the University of Allahabad.'

It is a matter of great pride and happiness that after getting an education from the University of Allahabad, many women have earned national and international fame in teaching, administration, politics, and many fields of life. This university has witnessed many political and social movements, including India's freedom movement. Women educated at this university have contributed significantly to these movements. On the one hand, the university has been constantly conscious of women's education. On the other hand, from the twentieth century to the twenty-first century, women have shown their leadership abilities in every walk of life. At the same time, for the first time in the history of 135 years of the establishment of the University of Allahabad, a woman Vice-Chancellor has been appointed. On such an occasion, in the context of the contribution of the University of Allahabad, it is necessary to consider the possibilities of the University of Allahabad during the tenure of the first woman vice-chancellor, in which the nature of women's empowerment will take its shape.

Historically, women have participated with courage and enthusiasm in all walks of life. India's education system is no exception to this. However, there is a significant mention of highly educated women in the mythological texts of India. Even in India, only a woman is worshipped as the Goddess of education. Historical evidence of ancient Indian education can be traced back to the 3$^{rd}$ century B.C. At that time, education was given orally, and women were represented. When Buddhism spread in India, world-famous educational institutions like Nalanda, Vikramashila, Vallabhi and Takshashiila were established. It is known from research that women also took education in these

Chief Editor: Prof. R. S. Dubey, Dept. of Sanskrit, Editors: Prof. Prayag Narayan Mishra, Dept. of Sanskrit, Prof. Anil Pratap Giri, Dept. of Sanskrit, Dr. Rakesh Singh, Dept. of Hindi, Dr Jaya Kapoor, Dept. of English, Dr. Priyamvada Singh, Dept. of Earth and Planetary Sciences.
Correspondence Address: Department of Sanskrit, University of Allahabad, Prayagraj, U.P.
Pin Code: 211002, Mobile No.: 9415234851, Email.: rsdubey.au@gmail.com

institutions. These educational institutions flourished from the fifth century to the thirteenth century. In addition, there was the participation of women in theology, philosophy, fine arts, astronomy, etc.

Still, education was limited to a particular section of society in that period, and not everyone had access to education. In the early 20th century, emphasis was placed on education for women so that they could contribute to nation-building by educating their children. In 1906, while addressing a gathering, Sarojini Naidu underlined the importance of women's education. By this time, women had started participating in public life in large numbers. Women such as Ramabai Ranade, Sarojini Naidu, Annie Besant, Rameshwari Nehru, Rajkumari Amrit Kaur, Aruna Asaf Ali, Sucheta Kriplani, Usha Mehta and Vaishnavi Devi played important political and social roles. After independence, there was a new beginning in women's education, significantly higher education. The first Prime Minister of the country, Jawaharlal Nehru, said that you can assess the condition of a nation by looking at the status of women. He believed that higher education for women was the need of the hour. Today, the participation of Indian women in higher education is very high and is increasing progressively.

The University of Allahabad, established on 23rd September 1887, is the fourth oldest university. It has been a witness to the making of modern India. This university has made an outstanding contribution to the country's freedom struggle. From the very beginning of its establishment, it has been the speciality of this university that it has carved talents in every field of life and society, as a result of which the students studying in this university, where on one side internationally renowned scientists, jurists, poets and so on. There were litterateurs, historians, economists, thinkers, journalists, industrialists, etc. But on the other hand, there were great statesmen and eminent administrators. So there came a time of prosperity for this university when it came to be called ‘Oxford of the East.’

The fragrance of the academic splendour of the university is still present in the minds of the people. The more glorious history the institution has, the more it has to

Chief Editor: Prof. R. S. Dubey, Dept. of Sanskrit, Editors: Prof. Prayag Narayan Mishra, Dept. of Sanskrit, Prof. Anil Pratap Giri, Dept. of Sanskrit, Dr. Rakesh Singh, Dept. of Hindi, Dr Jaya Kapoor, Dept. of English, Dr. Priyamvada Singh, Dept. of Earth and Planetary Sciences.
Correspondence Address: Department of Sanskrit, University of Allahabad, Prayagraj, U.P.
Pin Code: 211002, Mobile No.: 9415234851, Email.: rsdubey.au@gmail.com

overcome the challenges of keeping itself valuable and relevant with time. Preserving its splendour is the duty of any institution. This protection is not possible only by praising its glorious history. Still, it requires the aspiration and commitment to maintain itself at the latest academic standards. Keeping this aspiration and commitment in view, the plan of publication of the present book has been given shape. In the said book, articles are invited from teachers, thinkers, researchers, journalists, alumni, etc., on the following topics or related sub-topics:

1. The first woman Vice-Chancellor of the University of Allahabad: Prof. Sangita Srivastava, Present honourable Vice-Chancellor
2. History of Women's Education and the University of Allahabad.
3. Eminent Women; educated from the University of Allahabad.
4. Perspectives of Women Empowerment and The University of Allahabad.
5. Role of the University of Allahabad in Women's Movements.
6. Role of the University of Allahabad in Social Movements.
7. Role of the University of Allahabad in the independence movement.
8. Women eminent in politics, educated from the University of Allahabad.
9. Women eminent in the field of science; educated from the University of Allahabad.
10. Women eminent in the field of music; educated from the University of Allahabad.
11. Women of repute in the field of administration; educated from the University of Allahabad.
12. Women eminent in the field of Law and Justice; educated from the University of Allahabad.
13. Women of repute in the field of Commerce/Industry, educated from the University of Allahabad.
14. Women eminent in the field of art; educated from the University of Allahabad.
15. Women eminent in the field of literature; educated from the University of Allahabad.

Chief Editor: Prof. R. S. Dubey, Dept. of Sanskrit, Editors: Prof. Prayag Narayan Mishra, Dept. of Sanskrit, Prof. Anil Pratap Giri, Dept. of Sanskrit, Dr. Rakesh Singh, Dept. of Hindi, Dr Jaya Kapoor, Dept. of English, Dr. Priyamvada Singh, Dept. of Earth and Planetary Sciences.
Correspondence Address: Department of Sanskrit, University of Allahabad, Prayagraj, U.P.
Pin Code: 211002, Mobile No.: 9415234851, Email.: rsdubey.au@gmail.com

16. Women of repute in the field of education; educated from the University of Allahabad.
17. Women eminent in the field of educational administration; educated from the University of Allahabad.
18. Historical role and future assessment of the University of Allahabad in the context of women empowerment.

Therefore, it is a humble request to kindly provide the article for the successful publication of the said book. Please send the article to the E-mail mentioned in this letter/invitation (typed in M.S. Office Word file in Hindi or English) by 30th August 2022, so the book can be published in time. Your kindness will increase the glory of this book. The members of the Advisory Board and the Editorial Board associated with the publication of the book would be deeply grateful for your immense kindness. It is also requested to send a brief introduction of yourself along with the article.

Regards,

Sincerely,

**(Prof. Ram Sewak Dubey)**
**Chief Editor**

ग्रन्थ-प्रकाशन योजनान्तर्गत

# महिला सशक्तीकरण का परिप्रेक्ष्य और इलाहाबाद विश्वविद्यालय की प्रथम महिला कुलपति

## The Perspective of Women Empowerment and the First Woman Vice-Chancellor of the University of Allahabad

दिनांकः-30.07.2022

## आलेख प्रकाशन हेतु आमंत्रण

प्रिय महोदय/महोदया,

सादर अवगत कराया जाता है कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सुधी शिक्षक समुदाय द्वारा 'महिला सशक्तीकरण का परिप्रेक्ष्य और इलाहाबाद विश्वविद्यालय की प्रथम महिला कुलपति' नामक ग्रंथ के प्रकाशन का निश्चय किया गया है।

यह अत्यन्त गर्व एवं प्रसन्नता का विषय है कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त करके अनेक महिलाओं ने शिक्षा, प्रशासन, राजनीति और विज्ञान तथा जीवन के अनेक क्षेत्रों में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित की है। यह विश्वविद्यालय भारत के स्वाधीनता आन्दोलन समेत अनेक राजनैतिक एवं सामाजिक आन्दोलनों का साक्षी रहा है। इन आन्दोलनों में इस विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त महिलाओं का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। विश्वविद्यालय महिला शिक्षा के प्रति निरन्तर सजग रहा है। एक तरफ जहाँ बीसवीं शताब्दी से इक्कीसवीं शताब्दी तक जीवन के हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है, वहीं इलाहाबाद विश्वविद्यालय की स्थापना के 135 वर्षों के इतिहास में पहली बार महिला कुलपति की नियुक्ति हुई है। ऐसे अवसर पर महिला सशक्तीकरण के परिप्रेक्ष्य में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के योगदान के मूल्यांकन के साथ प्रथम महिला कुलपति के कार्यकाल में इलाहाबाद विश्वविद्यालय की उन संभावनाओं पर विचार करना आवश्यक है, जिसमें महिला सशक्तीकरण का स्वरूप निर्मित होगा।

ऐतिहासिक रूप से महिलाएँ जीवन के सभी क्षेत्रों में साहस और उत्साह से भाग लेती रही हैं। भारत की शिक्षा व्यवस्था भी इसका अपवाद नहीं है। भारत के पौराणिक ग्रंथों में उच्च शिक्षित महिलाओं का बृहद् उल्लेख आता है। यहाँ तक की भारत में शिक्षा की देवी के रूप में एक महिला शक्ति ही पूजनीय मानी जाती है। प्राचीन भारतीय शिक्षा के ऐतिहासिक प्रमाण तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व

Chief Editor: Prof. R. S. Dubey, Dept. of Sanskrit, Editors: Prof. Prayag Narayan Mishra, Dept. of Sanskrit, Prof. Anil Pratap Giri, Dept. of Sanskrit, Dr. Rakesh Singh, Dept. of Hindi, Dr Jaya Kapoor, Dept. of English, Dr. Priyamvada Singh, Dept. of Earth and Planetary Sciences.
Correspondence Address: Department of Sanskrit, University of Allahabad, Prayagraj, U.P.
Pin Code: 211002, Mobile No.: 9415234851, Email.: rsdubey.au@gmail.com

से देखे जा सकते हैं। उस समय शिक्षा मौखिक दी जाती थी और महिलाओं का उसमें प्रतिनिधित्व होता था। जब भारत में बौद्ध धर्म का प्रसार हुआ, तब नालंदा, विक्रमशिला, वल्लभी और तक्षशिला जैसे विश्व प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान स्थापित हुए। शोध से विदित होता है कि महिलाएँ भी इन संस्थानों में शिक्षा ग्रहण करती थीं। ये शिक्षण संस्थान पाँचवी शताब्दी से तेरहवीं शताब्दी तक खूब फले-फूले। धर्मशास्त्र, दर्शन, ललित कला, खगोल विज्ञान, इत्यादि में महिलाओं की सहभागिता उल्लेखनीय थी, लेकिन उस काल में शिक्षा समाज के एक वर्ग विशेष तक ही सीमित थी, सभी की पहुँच शिक्षा तक नहीं थी। बीसवीं शताब्दी की शुरुआत में महिलाओं के लिए शिक्षा पर जोर दिया गया, ताकि वे अपनी संतान को शिक्षित कर राष्ट्र निर्माण में अपना सहयोग दे सकें। 1906 ई0 में सरोजिनी नायडू ने एक सभा को सम्बोधित करते हुए महिला शिक्षा के महत्त्व को रेखांकित किया। इस समय तक महिलाएँ काफी बड़ी संख्या में सार्वजनिक जीवन में भाग लेने लगी थीं। रमाबाई रानाडे, सरोजनी नायडू, एनी बेसेंट, रामेश्वरी नेहरू, राजकुमारी अमृत कौर, अरुणा आसफ अली, सुचेता कृपलानी, उषा मेहता और वैष्णवी देवी जैसी महिलाओं ने महत्त्वपूर्ण राजनीतिक और सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन किया। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद महिलाओं की शिक्षा, विशेष रूप से उच्च शिक्षा की नई शुरुआत हुई। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का कहना था कि आप महिलाओं की स्थिति को देखकर किसी राष्ट्र की स्थिति का आकलन कर सकते हैं। उनका मानना था कि महिलाओं के लिए उच्च शिक्षा समय की माँग है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आज भारतीय महिलाओं की पर्याप्त भागीदारी है और इसमें उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है।

23 सितम्बर, 1887 ई0 का वह मुहूर्त चिरस्मरणीय और दैदीप्यमान रहेगा, जिसमें देश का चौथा सबसे पुराना विश्वविद्यालय इलाहाबाद विश्वविद्यालय स्थापित हुआ। यह आधुनिक भारत के निर्माण का साक्षी रहा है। देश के स्वाधीनता संघर्ष में इस विश्वविद्यालय का अविस्मरणीय योगदान रहा है। अपनी स्थापना के प्रारम्भ से ही इस विश्वविद्यालय की यह विशेषता रही है कि इसने जीवन और समाज के हर क्षेत्र में प्रतिभाओं को तराशा, जिसका परिणाम यह रहा कि इस विश्वविद्यालय में अध्ययन करने

Chief Editor: Prof. R. S. Dubey, Dept. of Sanskrit, Editors: Prof. Prayag Narayan Mishra, Dept. of Sanskrit, Prof. Anil Pratap Giri, Dept. of Sanskrit, Dr. Rakesh Singh, Dept. of Hindi, Dr Jaya Kapoor, Dept. of English, Dr. Priyamvada Singh, Dept. of Earth and Planetary Sciences.
Correspondence Address: Department of Sanskrit, University of Allahabad, Prayagraj, U.P.
Pin Code: 211002, Mobile No.: 9415234851, Email.: rsdubey.au@gmail.com

वाले छात्र जहाँ एक तरफ अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक, विधिवेत्ता, कवि-साहित्यकार, इतिहासकार, अर्थशास्त्री, चिंतक, पत्रकार, उद्योगपति, आदि हुए, वहीं दूसरी तरफ महान राजनेता तथा ख्यातिलब्ध प्रशासक भी हुए। इस विश्वविद्यालय की समृद्धि का एक समय ऐसा आया, जब इसे 'पूर्व का आक्सफोर्ड' कहा जाने लगा। विश्वविद्यालय के अकादमिक वैभव की सुगन्ध आज भी लोगों के मन-मस्तिष्क में विद्यमान है। जिस संस्था का जितना वैभवशाली इतिहास होता है, उसे समय के साथ स्वयं को उपयोगी एवं प्रासंगिक बनाये रखने की चुनौतियों से भी उतना ही गुजरते रहना पड़ता है। अपने वैभव को संरक्षित करना किसी भी संस्था का धर्म है। यह संरक्षण केवल उसके उसके वैभवशाली इतिहास के गुणगान करने से ही संभव नहीं है, अपितु उसमें स्वयं को अद्यतन अकादमिक मानकों पर बनाये रखने की आकांक्षा एवं प्रतिबद्धता आवश्यक है। इसी आकांक्षा एवं प्रतिबद्धता को दृष्टि में रखते हुए प्रस्तुत ग्रंथ के प्रकाशन की आयोजना को मूर्त रूप दिया गया है। उक्त ग्रंथ में निम्नलिखित विषयों या सम्बन्धित अन्य उप विषयों पर शिक्षकों, चिंतकों, शोधकर्त्ताओं, पत्रकारों, छात्र-छात्राओं, पुराछात्र-छात्राओं, आदि से आलेख आमंत्रित किये जाते हैं:

1. इलाहाबाद विश्वविद्यालय की प्रथम महिला कुलपति प्रो0 संगीता श्रीवास्तवः वर्तमान माननीया कुलपति।
2. स्त्री शिक्षा का इतिहास और इलाहाबाद विश्वविद्यालय।
3. इलाहाबाद विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त ख्यातिलब्ध महिलाएँ।
4. महिला सशक्तीकरण का प्ररिप्रेक्ष्य और इलाहाबाद विश्वविद्यालय।
5. सामाजिक आन्दोलनों में इलाहाबाद विश्वविद्यालय की भूमिका।
6. स्वाधीनता आन्दोलनों में इलाहाबाद विश्वविद्यालय की अग्रणी भूमिका।
7. महिला आन्दोलनों में इलाहाबाद विश्वविद्यालय की भूमिका।
8. इलाहाबाद विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त राजनीति में ख्यातिलब्ध महिलाएँ।
9. इलाहाबाद विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त विज्ञान के क्षेत्र में ख्यातिलब्ध महिलाएँ।

Chief Editor: Prof. R. S. Dubey, Dept. of Sanskrit, Editors: Prof. Prayag Narayan Mishra, Dept. of Sanskrit, Prof. Anil Pratap Giri, Dept. of Sanskrit, Dr. Rakesh Singh, Dept. of Hindi, Dr Jaya Kapoor, Dept. of English, Dr. Priyamvada Singh, Dept. of Earth and Planetary Sciences.
Correspondence Address: Department of Sanskrit, University of Allahabad, Prayagraj, U.P.
Pin Code: 211002, Mobile No.: 9415234851, Email.: rsdubey.au@gmail.com

10. इलाहाबाद विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त संगीत के क्षेत्र में ख्यातिलब्ध महिलाएँ।
11. इलाहाबाद विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त प्रशासन के क्षेत्र में ख्यातिलब्ध महिलाएँ।
12. इलाहाबाद विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त न्याय के क्षेत्र में ख्यातिलब्ध महिलाएँ।
13. इलाहाबाद विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त वाणिज्य/उद्योग के क्षेत्र में ख्यातिलब्ध महिलाएँ।
14. इलाहाबाद विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त कला के क्षेत्र में ख्यातिलब्ध महिलाएँ।
15. इलाहाबाद विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त साहित्य के क्षेत्र में ख्यातिलब्ध महिलाएँ।
16. इलाहाबाद विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त शिक्षा के क्षेत्र में ख्यातिलब्ध महिलाएँ।
17. इलाहाबाद विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त शैक्षिक प्रशासन के क्षेत्र में ख्यातिलब्ध महिलाएँ।
18. महिला सशक्तीकरण के प्ररिपेक्ष्य में इलाहाबाद विश्वविद्यालय की ऐतिहासिक भूमिका एवं भविष्य का ऑकलन।

अस्तु, विनम्र अनुरोध है कि उक्त ग्रंथ के सफल प्रकाशन हेतु आलेख प्रदान करने की कृपा करें। लेख इस पत्र/निमंत्रण में उल्लिखित ई-मेल (हिंदी या अंग्रेजी में एम0एस0 ऑफिस वर्ड फाईल में टंकित) पर 30 अगस्त, 2022 तक भेजने का अनुग्रह करें, ताकि पुस्तक समय से प्रकाशित हो सके। आपकी इस सदाशयता से इस पुस्तक की महिमा में वृद्धि होगी। पुस्तक के प्रकाशन से जुड़े सलाहकार बोर्ड और संपादकीय बोर्ड के सदस्य आपकी इस अपार कृपा के लिए हृदय से आभारी होंगे। लेखक/लेखिका अपने लेख के साथ अपना संक्षिप्त परिचय भी प्रेषित करने की कृपा करें।

सादर,

भवदीय,

**(प्रो0 रामसेवक दुबे)**
प्रधान संपादक

Chief Editor: Prof. R. S. Dubey, Dept. of Sanskrit, Editors: Prof. Prayag Narayan Mishra, Dept. of Sanskrit, Prof. Anil Pratap Giri, Dept. of Sanskrit, Dr. Rakesh Singh, Dept. of Hindi, Dr Jaya Kapoor, Dept. of English, Dr. Priyamvada Singh, Dept. of Earth and Planetary Sciences.
Correspondence Address: Department of Sanskrit, University of Allahabad, Prayagraj, U.P.
Pin Code: 211002, Mobile No.: 9415234851, Email.: rsdubey.au@gmail.com